# राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

सं0सं0–

पटना, दिनांकः–

## आम सूचना

राजस्व पर्षद, बिहार, पटना के द्वारा राजपत्रित तथा अराजपत्रित पदाधिकारियों की Online विभागीय परीक्षा को कम्प्यूटर आधारित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए प्रत्येक विषय के लिए 3000 प्रश्नों का प्रश्न अधिकोष का निर्माण किया जा रहा है। विषय एवं पाठ्यक्रम की विस्तृत विवरणी पर्षद की अधिसूचना सं0–2931 दिनांकः–01.12.2017 में अंकित है। इस अधिसूचना को राजस्व पर्षद के website (boardofrevenue.bih.nic.in) पर प्रदर्शित कर दिया गया है।

इन प्रश्नों के Validation हेतु विषयवार Validation Board का गठन किया जाना है। Validation के लिए प्रति प्रश्न 25/– रुपये राशि मानदेय के रुप में निर्धारित की गई है। इसके लिए विषय से संबंधित प्रोफेसर (कार्यरत/सेवा निवृत), मा0 उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश, सचिव/प्रधान सचिव से अन्यून स्तर के कार्यरत/सेवा निवृत पदाधिकारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। उपर्युक्त अर्हता रखने वाले इच्छुक पदाधिकारी राजस्व पर्षद के Validation Board के पैनल में नाम शामिल करने के लिए नाम, शैक्षणिक योग्यता, कार्य–अनुभव, पत्राचार का पता (दूरभाष संख्या सहित) आवेदन पत्र सचिव, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना के नाम से दिनांक– 20.12.2017 के अपराह्न 5.00 बजे तक हाथों–हाथ अथवा डाक के माध्यम से राजस्व पर्षद कार्यालय में जमा कर सकते है।

राजस्व पर्षद, बिहार के आदेशानुसार

8/12/17

संयुक्त सचिव

08/12/17